## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन से गिरा यात्री, बाल-बाल बची जान

**कटनी।** साउथ कटनी रेलवे स्टेशन में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गाड़ी संख्या 12121 संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, जो जबलपुर से कटनी की ओर जा रही थी, उसमें यात्रा कर रहे एक युवक का पैर पानी लेने के लिए उतरते समय फिसल गया। युवक चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़ा जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना को देखकर यात्रियों ने तत्परता दिखाते हुए चेन पुलिंग कर ट्रेन को रुकवा दिया। घायल यात्री को तत्काल ट्रेन में बैठाकर कटनी स्टेशन लाया गया, जहाँ से उसे हॉस्पिटल में उपचार के लिए भेजा गया। रेल प्रशासन ने मामले की जानकारी प्राप्त कर आगे की जांच प्रारंभ कर दी है।

### घर-घर जाकर पिलाई जायेगी पोलियो की दवा

**कटनी।** पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण के तहत रविवार को जिले के 1670 बूथों में जिले के 80 फीसदी से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को अब सोमवार 13 अक्टूबर एवं मंगलवार 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने पालकों और अभिभावकों से अपील की है कि वे घर पहुंचने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के साथ सहयोग करें और 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलवायें। श्री तिवारी ने कहा है कि पोलियो को जड़ से मिटाने के लिये यह सुनिश्चित हो कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। जिले के मेला स्थलों, बाजारों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 75 ट्रांजिट बूथ स्थापित किए गये थे। जहां बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। यह सुनिश्चित करने के लिये कि ₹एक भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित न रहे₹, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे — ईंट भट्टे, क्रेशर स्थल, निर्माणाधीन क्षेत्र, घुमक्कड़ एवं झुग्गी बस्तियाँ, स्लम, पैरी-अर्बन और दुर्गम वनग्राम में 27 मोबाइल टीमें सक्रिय रूप से कार्य करेंगी।

### थाना प्रभारी ने क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्था का लिया जायजा

**कटनी।** एनकेजे के नए थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने थाने की कमान संभालने के बाद क्षेत्र में संचालित होने वाली अवैध गतिविधियों एवं गुंडे बदमाशों पर कानूनी शिकंजा कसने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। नवागत थाना प्रभारी श्री राजपूत ने आज दलबल के साथ क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले इलाको में पैदल मार्च करते हुए कानून व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग करते एवं खुले में शराब पीकर उपद्रव मचाते पकड़े गए तीन बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि मुकेश सिंह पिता चंद्रिका सिंह 40 साल निवासी जैन कॉलोनी थाना एनकेजे, संतु उर्फ संतोष बर्मन पिता रघुराई बर्मन 26 वर्ष निवासी छोटी खिरहानी थाना एनकेजे कटनी एवं नरेश मिश्रा पिता राम किशन मिश्रा 52 वर्ष निवासी रोशन नगर थाना एनकेजे कटनी को पकड़ा गया। उक्त तीनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा।

### मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों से हटाए गए घुमंतू मवेशी

**कटनी।** नगर निगम की हांका गैंग रविवार को भी शहर की सड़कों पर सक्रिय रही। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी तथा निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर के मुख्य मार्गों पीर बाबा से झिंझरी होते हुए माधव नगर गेट , मिशन चौक से सुभाष चौक होते हुए मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग, नदी पार मुख्य मार्ग और बाजार क्षेत्रों में घूमंतू मवेशियों को हटाने की कार्यवाही की गई। हांका गैंग की टीम ने दिनभर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों से अलग कर सुरक्षित स्थलों तक पहुंचाया।

पर्व को लेकर घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में रंगाई पुताई से लेकर चल रही साज सज्जा

# दीपावली पर्व के लिए होने लगी तैयारियां धनतेरस को लेकर सजने लगा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रोशनी पर्व दीपावली के लिए अब महज सप्ताह भर ही शेष है। आगामी 20 अक्टूबर को पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व धनतेरस से ही प्रारंभ हो जाता है। पांच दिनों तक चलने वाले इस पर्व को लेकर लोग घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में साफ सफाई, रंग रोगन से लेकर साज सज्जा करने में जुट गए हैं। धनतेरस में जमकर खरीदारी होती है। धनतेरस पर्व को लेकर दुकानदारों ने सामग्री दुकानों में भरना शुरू कर दिया है। पर्व में उपयोग होने वाली सामग्रियों की दुकानें भी सजने लगी है। शहर मुख्य मार्ग में फुटकर बाजार सहित दुकानों में स्टाल लगने लगे है। आगामी तैयारी को लेकर लोग अभी से सामग्रियो की खरीदारी करना प्रारंभ कर दिये हैं। पटाखा बाजार से लेकर लक्ष्मी, गणेश की मूर्तियों के साथ ही दिये की दुकानें लगी हुई है।

दीपावली पर्व को लेकर बाजार में अभी अधिक भीड़ नहीं उमड़ रही है। धनतेरस के लिए पांच दिन का समय शेष है। व्यापारियों ने त्योहारों को देखते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान सजा लिए हैं। बाजार पूरी तरह से दीपावली के सामान से पट गये है। ग्राहकों की भीड़ देखते हुए व्यापारियों को अच्छी बिक्री होने की पूरी उम्मीद है। धनतेरस को बाजार में बेहद भीड़ उमड़ने की उम्मीद जताई जा रही है इसके अलावा अच्छे कारोबार की उम्मीद से व्यापारियों के चेहरे खिले हुए हैं।

दोपहिया, चारपहिया शोरूम में भी लोगों की भीड़ नजर आई। अधिकांश लोगों ने कुछ दिन पहले ही अपनी पसंद के वाहनों की बुकिंग कराने पहुंच रहे हैं जिसे धनतेरस के दिन घर ले जाने की तैयारी है। सराफा बाजार से लेकर बर्तन, कपड़ा, किराना दुकानों में भी त्यौहारी ग्राहकी नजर आने लगी है। बिजली की दुकानों में एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगीन झिलमिलाती लड़ियां बिक्री के लिए सजाई गई है। वहीं गणेश, लक्ष्मी मां की मूर्तियों से ही बाजार में सजा हुआ नजर आ रहा है। दुकानों पर विभिन्न फूलों के सामान के साथ प्लास्टिक फूलों की माला बिक रही है। इलेक्ट्रानिक झालर, बल्ब की झालर आदि सामान बाजार में दुकानों पर लटके हुए हैं, जो बाजार में आने वाले ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

धनतेरस का दिन अहम होता है। इस दिन खरीदारी अधिक फलदायी मानी गई है। यह चलन सदियों से चला आ रही है। इस दिन की गई खरीदारी को शास्त्रों में शुभ माना जाता है। इसीलिए हर कोई इस दिन कुछ ना कुछ जरूर खरीदता है। ऐसे में सराफा, कपड़ा, आटो मोबाइल, बर्तन इत्यादि का बाजार सजने लगा है। सराफा दुकानों में लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा वाले चांदी के सिक्के भी बिकवाली के लिए मंगाये गये हैं।

दीपोत्सव के चलते बाजारों में रौनक और चहल-पहल दिखाई दे रही है। घरों से लेकर बाजार तक उत्साह का माहौल है। धनतेरस में खरीदारी करने के लिए लोग अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। अपने बजट के अनुसार सामग्री खरीदने की प्लानिंग की जा रही है। शहर के सुभाष चौक, मेन रोड, गोलबाजार में झाड़ू, फूल, मिट्टी के दीपक सहित पूजन सामग्री की दुकाने सजने लगी हैं। आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक, सराफा, किराना, बर्तन और रेडिमेट कपड़ा व्यापारियों को बेहतर व्यापार की उम्मीद है।



# बाइक सवार दो तस्करों से 2 किलो गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ढीमरखेड़ा पुलिस ने बाइक से गांजा की तस्करी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनो के पास से 2 किलो गांजा भी जब्त किया गया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार गत दिवस मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम कटरा बेलकुंड नदी घाट के ऊपर रोड के पास दो व्यक्तियों को संदेह होने से पकड कर नाम पता पूछा गया जो अपना नाम ध्रुप सिंह पिता देव सिंह गोंड 35 साल एवं मुकेश पिता वीरेन्द्र सिंह गोंड 30 साल दोनो निवासी ग्राम कटरा के रहने वाला बताये पूछताछ में संतोषजनक उत्तर नही दे सके उनके अधिपत्य में रखी प्लास्टिक की पौलोथीन की तलाशी ली गई उसमें कुल 02 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ एवं घटना में प्रयुक्त बजाज कंपनी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एमएस 8133 को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क 419/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

कार्यवाही मे निरीक्षक अभिषेक चौबे, सउनि जयंचद उईके, आर. पंकज सिंह, आर. अजय सिंह, आर. देवेन्द्र अहिरवार, आर. रंजीत सिह, आर डुमनदास आदि शामिल रहे।

विद्यार्थी एवं खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं को नए आयाम तक पहुंचाए

# विधायक ने प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विधानसभा का प्रतिभा सम्मान समारोह बहोरीबंद में रविवार को विधायक प्रणय पांडेय की मुख्य अतिथि में आयोजित हुआ जहाँ बहोरीबंद विधानसभा के प्रतिभावान विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 10 वी ओर 12 वी मै 90 फीसदी से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों ओर जिला सहित राज्य ओर राष्ट्र स्तर पर उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा शील्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र के साथ प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गईं। विधानसभा 150 प्रतिभावान विद्यार्थी व खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया,परियोजना अधिकारी सतीश पटेल, बीईओ मनोज गर्ग, बीआरसी प्रशांत मिश्रा,खेल समन्वयक चेतना झा, दीनदयाल अंत्योदय समिति अध्यक्ष सुनील जयरत्नम,भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतिभा निखारने नहीं आयेगी कोई कमी - कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये जीवन का सबसे बेहतरीन समय होता है उनकी शिक्षा लाईफ जिसमें वे जीवन में संघर्षों का सामना करना सीखते हैं एवं थकावट और तनाव दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है!ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को ऊंचाईयो तक ले जाने के लिए सीढ़ियों का काम करते है। प्रत्येक विद्यार्थी के अंदर एक विवेकानंद एवम अब्दुल कलाम बसते हैं, केवल उन्हे खोजने की है आवश्यकता है। विद्यार्थी व खिलाडी मन लगाकर मेहनत करें जिससे राज्य व राष्ट्र स्तर पर आगे बढ़कर अपने माता पिता का नाम गौरवन्वित करते हुए गाँव, जिला, राज्य ओर देश का नाम रोशन करें!विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को आगे बढ़ने किसी भी प्रकार की कोई समस्या आड़े नहीं आने दी जाएगी ओर हरसंभव मदद की जाएगी।

## स्वर्ग नगरी ज्ञान तीर्थधाम में हुए विविध कार्यक्रम



स्वर्ग नगरी ज्ञान तीर्थ धाम विलायतकला आश्रम में आश्रम के संचालक वीरेंद त्यागीजी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में तपोभूमि ज्ञानतीर्थ विलायत कला कटनी आश्रम में विविध प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम उनके शिष्यों, अनुयायियों और श्रद्धालुओं के द्वारा आयोजित किए गए । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नागपुर के शिवशक्ति हनुमान मंदिरपंच जूना अखाड़ा के महंत एवं विश्व हिंदू परिषद महानगर नागपुर के संत संयोजक डॉ शिवगिरी महाराज (डॉ रामचरण दुबे) एवं शिवशक्ति हनुमान मंदिर के अध्यक्ष डॉ हेमंत सोनी उपस्थित रहे ।इस कार्यक्रम में डॉ उमेश वैद्य के निर्देशन में एक अद्भुत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें हजारो साल पुरानी उपयोगी वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी की गई ।अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में वीरेंद त्यागीजी महाराज जी ने बच्चो को पेन वितरित किए तथा उपस्थित सभी साधु संतों को भेट स्वरूप भगवत गीता की प्रति प्रदान की एवं कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद / फलाहार का वितरण किया गया।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर टीआई से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रविवार को असाटी (वैश्य) विकास समिति ने अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार असाटी के नेतृत्व में कोतवाली थाना की थाना प्रभारी राखी पांडे से सौजन्य भेंट की । उल्लेखनीय है कि श्रीमती राखी पांडेय कोतवाली थाना कटनी की पहली महिला थाना प्रभारी है जिन्हें कोतवाली थाना की कमान सौंपी जाकर पदस्थ किया गया है।

असाटी समाज के प्रतिनिधि मंडल में संतराम असाटी, योगेंद्र कुमार असाटी, सूरज असाटी, राकेश कुमार असाटी, मनोज कुमार असाटी, संदीप (राजा) असाटी, अशोक कुमार (छोटे) असाटी, अनीता असाटी, अंजनी असाटी, रीता असाटी, दीपिका असाटी सहित अन्य सामाजिक बंधुओ ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने जिले की सुरक्षा और शांति व्यवस्था हेतु संवाद कर आग्रह किया।

### थाना प्रभारी ने दिया आश्वासन

थाना प्रभारी श्रीमति राखी पांडे ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के साथ-साथ शहर की कानून व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था का सुचारू क्रियान्वयन, आगामी त्योहारों के अवसर पर शांति एवं सौहाद्र सुनिश्चित करना,नशा मुक्ति , सामाजिक हित के कार्यक्रमों को बढ़ावा देना तथा अपराधियों को सजा दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता, कर्तव्य और जिम्मेदारी भी है। इसके लिए हम जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में कठोर परिश्रम और ठोस कार्ययोजना बनाकर, जन सुझाव तथा अपनी टीम के सहयोग से निरंतर काम करेंगे।

पंचायतों, निकायों में भी कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

# जिले के 2.41 लाख से अधिक बहनों के खातों में 29.36 करोड़ की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 41 हजार 220 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29वीं किस्त के तौर पर 29 करोड 36 लाख 19 हजार 350 रूपये की राशि का अंतरण किया।

यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष सहित जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में भी आयोजित किया गया। जहां उपस्थित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण को देखा और सुना। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 679 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 85 लाख 18 हजार 450 रूपये अंतरित किये गए। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 586 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 93 लाख 79 हजार 500 रूपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 566 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 57 लाख 2 हजार रूपये, जनपद पंचायत कटनी की 27 हजार 935 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड 38 लाख 48 हजार 750 रूपये, जनपद पंचायत रीठी की 25 हजार 940 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड 16 लाख 68 हजार रूपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 35 हजार 136 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 29 लाख 13 हजार 400 रूपये अंतरित किये। वहीं नगरनिगम कटनी की 28 हजार 284 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड़ 42 लाख 11 हजार 700 रूपये नगर परिषद बरही की 2 हजार 316 पात्र महिलाओं के खाते में 28 लाख 32 हजार 600 रूपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 293 पात्र महिलाओं के खाते में 27 लाख 37 हजार 250 रूपये तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 485 पात्र महिलाओं के खाते में 18 लाख 7 हजार 700 रूपये अंतरित किये।

विजयादशमी उत्सव के अवसर पर एकत्रीकरण एवं पथ संचलन

# समाज परिवर्तन के लिए कार्य करने किया आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कटनी नगर के विजयादशमी उत्सव के अवसर पर एकत्रीकरण एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता की आसंदी से गंगा राजीव पांडे, क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख ने कहा कि भारत में अनादि काल से धर्म अधर्म का संघर्ष रहा है, सदा धर्म की विजय हुई है, संघर्षो में सदा विजय प्राप्त करने वाले भारत में राष्ट्रीय चरित्र के हनन के कारण अपनों के कारण गुलामी का दंस झेलना पडा, डॉ हेडगेवार जी जिनके अंदर बाल्यकाल राष्ट्र के लिये समर्पण था,आजादी और समाज सुधार आंदोलनो में भाग लेकर और धर्म का प्रचार करके, यह जाना की समाज में चेतना तो जाग रही है पर समाज पूरी तरह से नहीं बदल रहा है ,भारत स्वतंत्र तो हो जाएगा किंतु भारत की आजादी अक्षुण्ण रहे इस हेतु हिंदू समाज को संगठित कर ,हिंदू समाज में व्यापत आत्मविस्मृति को दूर कर राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की आवश्यकता है ,उन्होंने देखा कि समाज निर्माण की क्रिया में किसी के पास समय नहीं था इसलिए उन्होंने स्वयं पहल करी। विजयादशमी के दिन 17 स्वयंसेवकों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रारंभ किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपेक्षा से अपेक्षा तक पहुंचा है, प्रारंभ में संघ और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को सिरे से नकार दिया गया ,बाद में संघ का घोर विरोध हुआ, फिर स्वीकारता का युग आया और अब समाज संघ से अपेक्षा कर रहा है ।समाज में परिवर्तन में संघ की महती भूमिका है ,व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज परिवर्तन के व्यापक उद्देश्य को लेकर के भारत पुनः परम वैभव के शिखर पर पहुंचे यह हमारा उद्देश्य है।इस पवित्र कार्य हेतुसंघ कार्य के शताब्दी वर्ष में सम्पूर्ण समाज को संघ के साथ मिलकर समाज परिवर्तन के लिये कार्य करने का आह्वान किया है,"

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद गुगालिया ने कहा कि स्वयं के पहले राष्ट्र ,मनुष्य निर्माण से राष्ट्र निर्माण यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पद्धति है,आज मुझे गर्व महसूस हो रहा है कि कटनी में इतने अनुशासित रूप से स्वयंसेवकों ने संचलन निकाला है। संचलन तीन स्थानों से प्रारंभ होकर फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में एकत्रीकरण के रूप में समाप्त हुआ।

# वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने थानों का औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अनुभाग के थानों का बीती रात औचक निरीक्षण किया गया। गत 11 अक्टूबर की रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे तक जिले के विभिन्न थानों में यह निरीक्षण अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने थाना माधवनगर का तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया ने थाना कुठला का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मालखाने में रखे जप्तशुदा माल, आर्म्स, एम्यूनिशन एवं रायट ड्रिल सामग्री की स्थिति का परीक्षण किया। हवालात एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की तथा थाने में संधारित रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अवलोकन कर अद्यतन स्थिति सुनिश्चित की।

एसपी श्री विश्वकर्मा ने निर्देश दिए कि लंबित सी.एम. हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई शिकायतों का शीघ्र एवं संतोषजनक निराकरण किया जाए। महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के कमजोर वर्गों से संबंधित प्रकरणों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए तथा तत्काल विधिसंगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया ने थाना एनकेजे एवं कोतवाली का तथा एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी ने थाना स्लीमनाबाद का औचक निरीक्षण कर थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इन निरीक्षणों का उद्देश्य पुलिसिंग व्यवस्था में पारदर्शिता, तत्परता एवं अनुशासन को सुदृढ़ करना है ताकि आमजन को और अधिक प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान की जा सके।

## खबर संक्षेप



### विधिक साक्षरता शिविर में दी गई अहम जानकारियां

**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के कन्या छात्रावास मैं लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय छात्रों को उचित पुरस्कार से सम्मानित किया गया न्यायाधीश पूर्वी तिवारी के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को कानून के विषय में जानकारी दी गई।जिसमें मजदूर से बने कानून की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि बाल मजदूरी अपराध की श्रेणी में आता है। कम उम्र की लड़कियों एवं लड़कों से मजदूरी न करवाए,ऐसे में शिकायत होने पर कार्यवाही का प्रावधान है। पढ़ने लिखने की उम्र में बच्चों से काम करवाना बिल्कुल भी उचित नहीं है। सभी के माता-पिता से हम कहते हैं कि अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजें और पढ़ लिखकर एक समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाऐ। उन्होंने कहा कि गाड़ी वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करें, गाड़ी के सभी कागज बीमा ड्राइवर लाइसेंस आदि होना अनिवार्य है। नाबालिक बच्चों को गाड़ी न दे और यातायात कि नियमों का पालन करते हुए आप लोग गाड़ी चलाएं। शराब पीकर तो बिल्कुल भी गाड़ी न चलाई है नियम के विरुद्ध एवं अपराध की श्रेणी में आता है।

### बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने किया जागरूक

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस 12 अक्टूबर को लगाये गए विशेष शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया गया। जिसके तहत स्वयंसेवकों द्वारा 'दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार, दो बूंद जिन्दगी की, जरूर पिलाएं आदि नारों के माध्यम से अपने आस-पास के लोगों को उनके घर परिवार में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही पोलियों खुराक पिलाने हेतु बनाएं गए बूथों पर पहुंचकर पोलियो की खुराक पिलाने में सहयोग किया गया। जिससे कि हमारे देश को भविष्य में पोलियो से पूर्ण मुक्ति मिल सके। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि वर्तमान में भारत पोलियो मुक्त है। लेकिन कुछ देशों में पोलियों अभी भी है एवं फिर से लौट सकता है। अपने बच्चों की सुरक्षा में हमसे कोई चूक न होने पाएं इसलिए पोलियों की खुराक हर बार पिलाएं और पोलियों पर अपने देश की जीत को बरकरार बनाए रखने में सभी देशवासी अपना सहभागी बनें एवं अपना योगदान दें। सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने के लिए पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं एवं बताया कि यदि कोई बच्चा छूट जाता है तो 13 एवं 14 अक्टूबर 2025 को स्वस्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर भी पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

### जिले में अब तक 1164.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से रविवार 12 अक्टूबर तक कुल 1164.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1481.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1073.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1217.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। रीठी में 1481.2 मिलीमीटर, बड़वारा में 1040.0 मिलीमीटर, बरही में 1053 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ में 999.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद में कुल 1057 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1356.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा में 1109.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि साथी और सहयोगियों और ग्रामीणों से संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

# जनजातीय कल्याण के लिए सरकार चला रही कई योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद







मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल रविवार को स्लीमनाबाद के हरदुआ गाँव पहुंचें जहाँ उनकी अगवानी विधायक प्रणय पांडेय ने की। इस दौरान विधायक विजयराघवगढ़ संजय पाठक, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा उपस्थित रहे। राज्यपाल सबसे पहले हरदुआ गाँव पहुंचें जहाँ उन्होंने आदिकर्मयोगी सेवा केंद्र का शुभारम्भ किया। साथ ही पल्स पोलियो अभियान के तहत आदिवासी बच्ची को दो बूंद जिंदगी की पोलियो दवा राज्यपाल ने अपने हाथ से पिलाई।

### हितग्राही मीरा से किया संवाद

इसके बाद राज्यपाल पीएम आवास का निरीक्षण किया जहाँ पीएम आवास हितग्राही सहित अन्य महिलाओं ने राज्यपाल का तिलक लगाकर ओर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जहाँ पीएम आवास हितग्राही मीरा बाई से संवाद किया ओर आवास के बारे में जानकारी ली। हितग्राही मीरा बाई ने राज्यपाल से संवाद मै बताया कि पहले कच्चे घर मै रह रहे थे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजना शुरू की तों पक्का घर बन गया। राज्यपाल ने पीएम आवास हितग्राही को शाबासी दी।

### मार्ग कच्चा देख राज्यपाल ने जताई नाराजगी

राज्यपाल मंगुभाई पटेल हरदुआ गाँव जिस मार्ग से पहुंचें उक्त मार्ग कुछ मीटर लगभग कच्चा था!जिसमें प्रशासन के द्वारा क्रांकीट डस्ट लगा कारपेट बिछा दिया गया था जिसे देख राज्यपाल ने नाराजगी जताई साथ ही राज्यपाल ने विधायक प्रणय पांडेय साथ जिला पंचायत सीईओ को पक्का मार्ग बनाने निर्देशित किया ओर कहा कि 15 दिवस मे उक्त गाँव का निरीक्षण करते रहे ओर विकास की गति को आगे बढ़ाने पर ध्यान देवे!इसके बाद राज्यपाल कार्यक्रम स्थल पहुंचें!जहाँ उनकी महाविद्यालय की छात्राओं व स्टॉफ ने की।

### राज्यपाल ने दिया जनजातीय कल्याण को बढ़ावा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल हरदुआ गाँव भ्रमण उपरांत स्लीमनाबाद महाविद्यालय मै आयोजित कार्यक्रम स्थल पहुंचें!जहाँ उन्होंने महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। राष्ट्रगान उपरांत दीप प्रज्जवलित किया गया ओर अतिथियों ने राज्यपाल का स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनसंवाद किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में जनजातीय कल्याण का महा अभियान चल रहा है।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं योजना

राज्यपाल ने 'पीएम जनमन योजना' और 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' जैसी योजनाओं को जनजातीय सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने आमजन, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सिकल सेल और टीबी जैसी बीमारियों के प्रति भी ग्रामीणों को शिक्षित करना आवश्यक है।सिकल सेन उन्मूलन ओर जागरूकता-राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रधानमंत्री के 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे सफल बनाने में सरकार के साथ आम नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने शादी से पहले जेनेटिक कार्ड के मिलान को प्रोत्साहित करने और ग्राम सभाओं में सिकल सेल जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सिकल सेल के लक्षण, बचाव और उपायों की जानकारी सरल भाषा में दी जानी चाहिए।सिकल सेल को सिकल सेल से प्रभावित बाकल निवासी ऋतुराज लोधी ने सिकल सेल को लेकर अपने व्यक्तव्य राज्यपाल के समक्ष पेश किये!जिसके बाद राज्यपाल ने ऋतुराज लोधी अपने निकट बुलाया ओर शाबासी प्रदान की!कार्यक्रम मै पात्र हितग्राहियो को राज्यपाल हितलाभ पत्र वितरण किये!वही महिला बाल विकास विभाग की ओर से पोषण अभियान की प्रदर्शनी राज्यपाल को भेंट की गईं।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ!इसके बाद राज्यपाल ने राष्ट्रगान गाने वाली छात्राओं को बुलाकर मनोबल बढ़ाया ओर उनके साथ फोटो सेशन की!इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार,एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चौरसिया, जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, तहसीलदार सारिका रावत सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विक्रेता के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

विलायतकला सहकारी समिति में पदस्थ विक्रेता लखन पटेल द्वारा ऋण माफी योजना में गम्भीर अनियमितताएं की गई हैं जिसके परिप्रेक्ष्य में रिकार्ड का अवलोकन करने के पश्चात 24,09, 2025 को समिति प्रवन्धक राहुल तिवारी द्वारा लखन पटेल विक्रेता को ऋण माफ़ी योजना में अनितमित्ताएँ बरतने पर शोकाज नोट्स जारी कर विभिन्न विन्दुओं पर जबाब तलब किया गया था। इससे पहले की भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की परतें खुलती राहुल तिवारी को ही हटा दिया गया।

समिति प्रबंधक ने विक्रेता लखन पटैल कोजारी शोकाज नोटिस में उल्लेख किया गया था समिति का रिकार्ड अवलोकन उपरांत यह तथ्य सामने आये है। आप मार्च 2013 से समिति में विकेता पद पर कार्य कर रहे है। समिति के केसी.सी लोन खाता नम्बर 4 के पृष्ठ कंमाक (59) के अनुसार वर्ष 2015 में आपके ऊपर 50000 हजार लोन दर्शित हो रहा है। आपके द्वारा वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री ब्याजमाफी योजनांतर्गत का लाभ भी लिया गया है। किन्तु उसके बाद भी 50000 हजार लोन चुकता नहीं किया गया है। जो ब्याज सहित 30.06.2025 की स्थिति में 66849 लंबित है। इसी प्रकार समिति के खाता नम्बर 9 के पृष्ठ कंमाक 55 के अनुसार 30.06.2017 में मूलधन 188207 ब्याज 157820 कुल 346027 लोन लंबित था। जिसे 31.03.2018 ने ऋणमाफी 194606 लिखकर निल कर दिया गया। जो संदेहास्पद है। जय किसान ऋणमाफी योजना के अन्तर्गत 200000 तक ही लोन माफ होने के प्रावधान थे। अतः स्पष्ट है कि पोर्टल में गलत जानकारी या अन्य खाते का कर्ज माफ हुआ हो जो आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थायें भोपाल द्वारा जारी सेवानियम दिनांक 30.08. 2013 के अध्याय (6) नियम 23 गंभीर दुराचरण की कंडिका (0) (आईआई) (शिव) (एक्सवी) ( ए क स ए क स ) (एक्सएक्सआईआईआई) में वर्णित आचरण का उल्लंघन होकर गंभीर दुराचरण का कृत्य भी है।अतः कारण सहित स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर जबाब मांगा गया है कि आप अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध क्यों न वैधानिक कार्यवाही की जाये। 2. क्यों न सेवा समाप्त की जाये। 3. क्यों न सेवा समाप्त एवं वैधानिक कार्यवाही एक साथ की जावे। अपना समाधान कारक स्पष्टीकरण का जवाब दिनांक 29.09.2025 को लिखित में मय प्रमाण दस्तावेज राशि जमा रशीद या चालान ऋणमाफी से संबंधित दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करे। समाधान कारक जवाब न दिये जाने पर आपके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी।

पत्र जारी होने के पश्चात समिति प्रवन्धक राहुल तिवारी को अचानक ही विलायतकला साहकारी समिति से स्थानांतरित कर दिया गया।

### इनका कहना है

इस संबंध में सहायक आयुक्त सहकारिता राज यश वर्धन कुरील का कहना है कि विलायतकला सहकारी समिति में कार्यरत विक्रेता लखन पटेल के खिलाफ शिकायतों की जांच उपरांत उन्हें निलंबित किया जा चुका है, उनके खिलाफ जो भी शिकायतें प्राप्त होंगी उनकी निष्पक्ष जांच की जाएगी फिलहाल उन्हें किसी भी केंद्र में खरीदी प्रभारी नही बनाया जाएगा। आपके द्वारा मामले की जानकारी संज्ञान में लाई गई है। किसानों से अभद्रता करने वाले के साथ विधि सम्म्मत कार्रवाई की जाएगी।

## महाविद्यालय में हुआ मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम




शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य बृजलाल अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए मानसिक रूप से दुरुस्त होना आवश्यक है। डॉ. सचिन कोष्टा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कि शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ-साथ मानसिक रूप से स्वस्थ होना भी जरूरी है।तनाव मानसिक स्वास्थ्य को बहुत अधिक प्रभावित करता है। उन्होंने तनाव मुक्त रहने के टिप्स विद्यार्थियों के साथ साझा किये। इसी क्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मनीषा व्यास ने विद्यार्थियों को बताया कि 10 मिनट का ध्यान योग अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करें, जिससे आत्मबल में दृढ़ता आती है और सकारात्मक मानसिक प्रभाव पड़ता है। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी,डॉ. मनोज कुमार गुप्ता,डॉ. श्वेता सिंह बघेल,स्मिता परसाई,डॉ. राजाराम सिंह, डॉ. हर्षित द्विवेदी,डॉ. अखिलेश द्विवेदी, युवराज तिवारी,संतोष आचार्य के साथ अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने हरदुआ गाँव में सरकार की योजनाओं का जायजा लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचें जहाँ स्लीमनाबाद महाविद्यालय कार्यक्रम स्थल में महाविद्यालय की छात्राओं व स्टॉफ ने राज्यपाल की अगवानी मंगल कलशो, रंगोली सजा ओर पुष्पगुच्छ भेंटकर की इसके बाद कार्यक्रम स्थल में विभिन्न सरकारी विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई थी जिनका राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अवलोकन किया। स्वास्थ्य विभाग, कृषि, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग आजीविका मिशन द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

राज्यपाल ने सभी प्रदर्शनी स्टॉलो पर बातचीत कर जानकारी ली।आजीविका मिशन द्वारा लगाई गईं प्रदर्शनी पर जब राज्यपाल पहुंचें तों उन्होंने स्वयं सहायता समूह सदस्यों के द्वारा निर्मित किए जा रहे उत्पादों का अवलोकन किया ओर लखपति दीदियों से संवाद किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे गतिविधियों एवं उत्पादों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। लगाई गई प्रदर्शनी में महिला स्व सहायता समूह की बहनों से बातचीत कर राज्यपाल ने महिलाओं से पूछा कि समूह में आप लोग कितनी बहने हैं, इससे रोजगार कर आप लोगों की महीने में कितनी आय होती हैं।

स्व सहायता समूह की अध्यक्ष लक्ष्मी हल्दकार ने बताया हम लोग इस समूह में 10 महिलाएं हैं जो की स्वरोजगार के माध्यम से करीब 1 लाख रूपये माह कमाते हैं। प्रत्येक महिला बहन कों करीब 10 हजार रूपये महीने की आय है। आदिम जाति कल्याण विभाग के स्टॉल पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर राज्यपाल ने देखा कि माल्यार्पण नहीं है तों अधिकारियो को निर्देशित कर तुरंत माल्यार्पण कराया।

## बिजौरी पंचायत सरपंच ने मुरूम उत्खनन के लिए लिखा पत्र

# कीचड़ से सना मार्ग, वाहन चालक हो रहे हादसे का शिकार, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजौरी में कोडो से अमराडाँड़ लगभग दो किमोमीटर का मार्ग में सड़क जर्जर होने के चलते ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़युक्त मार्ग होने से वाहन चालक अनियंत्रित होकर कई बार हादसे का शिकार हो जाते हैं। सरपंच ने सड़क निर्माण कार्य में मुरूम का उपयोग करने के लिए उत्खनन की अनुमति के लिए पत्र लिखा है। इसके अलावा जन सुनवाई में भी शिकायत दी गई है। जिला कलेक्टर के समक्ष भी जनसुनवाई में पत्र देकर दिनांक 05,08,2025 को मुरुम उत्खनन व परिवहन की अनुमति नही मिलने की शिकायत बिजौरी सरपंच के द्वारा की गई।

खनिज अधिकारी को ग्राम पंचायत के माध्यम से पत्र लिखकर मुरुम उत्खनन व परिवहन करने के वास्ते अनुमति मांगी गई है जिससे ग्राम कोड़ो से अमराडाँड़ लगभग दो किमोमीटर का मार्ग है जिसकी बेहद जर्जर खस्ताहाल स्थिति है मार्ग में कीचड़ व गड्ढे हैं जिसमे गिरकर ग्रामवासी, राहगीर,दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं इसी बदहाल सड़क को सुधरवाने व ग्राम में किये जाने वाले अन्य कार्यों में लगने वाली मुरुम के लिए पँचायत के द्वारा अनुमति मांगी गई गई है किंतु जिम्मेदार अधिकारी अनुमति प्रदान करने में उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। ग्राम पंचायत बिजोरी अंतर्गत ग्राम कौडो से ग्राम अमराडाड पहुंच मार्ग का अपग्रेडेशन कार्य पूर्ण किया जा सके।अनुमति नही मिलने से अपग्रेडेशन कार्य अधर में लटका अपग्रेडेशन कार्य लगभग 2 किलोमीटर मनरेगा मद से स्वीकृत होकर दिनांक 15.03.2024 से प्रगतिरत है लेकिन मुरूम खुदाई एवं परिवहन की अनुमति न मिलने से कार्य अभी तक अपूर्ण है और भी अन्य कार्य अपूर्ण है। जबकि मुरूम अपने ग्राम पंचायत बिजौरी के ग्राम कोड़ो में शासकीय भूमि के खसरा नंबर 37 रकवा 9.00 हेक्टेयर में है। अतः पँचायत के पत्र के माध्यम से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों हेतु मुरुम उत्खनन व परिवहन के लिए खनिज अधिकारी को लिखे गए पत्र के मारफ़त निवेदन किया गया है कि ग्राम पंचायत बिजौरी के सम्पूर्ण कार्य में लगने वाले मुरूम के लिये खुदाई एवं परिवहन की अनुमति दी जाए जिससे ग्राम में सड़क निर्माण व अन्य विकास कार्य किये जा सकें।

## सरपंच पर नियमों का उल्लंघन करने के ग्रामीणों ने लगाए आरोप

# बाउंड्री वाल निर्माण में अनियमितताओं के आरोप, सरपंच पुत्र कर रहा मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत उमरियापान में इन दिनों पंचायत स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों में अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। मामला पांचवें वित्त आयोग से स्वीकृत बाउंड्री वॉल निर्माण का है, जिसमें सरपंच पर भारी अनियमितताओं और पक्षपात के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच अटल ब्यौहार ने इस कार्य में अपने चहेतों को खुली छूट दे रखी है और खुलेआम नियमो की धज्जियां उड़ाई जा रही है बाउंड्री वॉल का निर्माण कही आड़ा तो कही तिरछा करके कराया जा रहा हैं।

ग्राम पंचायत उमरियापान में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। यह कार्य मूल रूप से नगद भुगतान की श्रेणी में आता है, लेकिन सरपंच द्वारा इसे मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के तहत करवाया जा रहा है। बाउंड्री वॉल में 20 मजदूर कार्य कर रहे हैं, लक्ष्मी कोल, वर्षा कोल, ललिता कोल, मूंगा बाई, अंकिता चक्रवर्ती, संगीता चक्रवर्ती, पारवती बाई, गोरी बाई, सत्तो बाई, अंजना बाई, पम्मी बाई, निब्बो बाई, उषा बाई, आदि लोगों ने बताया कि रोजगार गारंटी से कार्य कराया जा रहा हैं। भुगतान शिवशंकर बर्मन को किया जा रहा हैं। प्रश्न हैं कि शिवशंकर बर्मन आखिर कौन हैं जिसके खाते में भुगतान हों रहा हैं, भुगतान होने के बाद पंचायत के जिम्मेदार शिवशंकर से भुगतान की राशि लेकर मजदूरों का भुगतान करते हैं, यह न केवल नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग का भी एक बड़ा उदाहरण माना जा रहा है।

विदित है कि नॉट फॉर रिटेल सेल सीमेंट का उपयोग किया जा रहा हैं जो कि नियम विरुद्ध हैं, नियमों के अनुसार, नॉट फॉर रिटेल सेल सीमेंट का उपयोग सिर्फ सरकारी ठेकेदार या बड़ी निर्माण कंपनियां कर सकती हैं। इस सीमेंट को आगे बेचा नहीं जा सकता।

ग्रामीणों की मानें तो सरपंच स्वयं पंचायत कार्यालय में कम ही दिखाई देते हैं, जबकि उनके पुत्र प्रतिदिन कार्यालय में बैठकर सभी कार्यों का संचालन करते हैं। यही व्यक्ति निर्माण कार्यों की माप-तौल, मजदूरी का हिसाब, और मनरेगा से जुड़ी ऑनलाइन एंट्रियां तक संभाल रहा है। यह स्थिति पंचायती राज अधिनियम के पूरी तरह विरुद्ध है।

कानूनी प्रावधानों के अनुसार, पंचायत कार्यों में किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि के परिजन का सीधा हस्तक्षेप पूर्णतः वर्जित है, क्योंकि इससे हितों का टकराव पैदा होता है। लेकिन उमरियापान में सरपंच पुत्र खुलेआम सरकारी कुर्सी पर बैठकर निर्णय ले रहे हैं।

पंचायत नियमों के अनुसार, किसी भी कार्य के आरंभ से पहले ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया जाना आवश्यक है। साथ ही, कार्य की जानकारी और लागत का प्रदर्शन सूचना पट्ट पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए। किंतु उमरियापान में ऐसा कोई सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है। स्रोतों के अनुसार, पांचवें वित्त से स्वीकृत यह बाउंड्री वॉल परियोजना लगभग 15 लाख रुपये की है। इतनी बड़ी राशि के उपयोग में अगर नियमों का पालन नहीं किया गया तो यह न केवल वित्तीय अनियमितता है बल्कि भ्रष्टाचार की श्रेणी में भी आता है।

### इनका कहना है

इस संबंध में सचिव राजकुमार पटैल का कहना है कि नगद भुगतान के मजदूर लगे हुए हैं।



# स्लीमनाबाद में हुआ पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्लीमनाबाद मै पथ संचलन और एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजन-अर्चना के साथ हुआ इसके बाद पथ संचलन आरंभ हुआ जो की हाई स्कूल रोड से हनुमान मंदिर रोड तिराहा से होते हुए बाहरी बंद मार्ग ब्राह्मण मोहल्ला आजाद चौक से होते हुए पथ संचलन कार्यक्रम स्थल पहुंचा।

इस दौरान डॉ दिलीप त्रिपाठी शह जिला कार्यवाह नीरज लोधी, व खंड चालक राजेश सिंह, मुख्य कार्य बृजकिशोर, बृजेश पटेल की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ जहां दिलीप त्रिपाठी ने संघ के कार्यक्रम पर प्रकाश डाला वहीं नीरज लोधी ने संघ द्वारा संचालित होने वाले नियमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2 अक्टूबर 1925 को संघ की स्थापना हुई थी और आज स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर विजयदशमी के पर्व पर यह उत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है हम सबकी जवाबदेही है कि हम अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए समाज को एक समरस्ता के रूप में आगे बढ़ने का काम करें कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य और संघ के लोगों की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

### लोकतंत्र सेनानी संघ ने जेपी नारायण को दी पुष्पांजलि

दमोह। अखिल भारतीय लोकतंत्र सेनानी संघ जिला दमोह द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दमोह विधायक जयंत मलैया रहें। जिलाध्यक्ष निपुण खरे एवं अशोक भारती ने जेपी नारायण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारायण जी एक स्वतंत्रता सेनानी थे लेकर 1975 के आपातकाल में उन्हें जनता को तानशाह सरकार के विदद्य जन आंदोलन किया। कार्यक्रम में अमृतलाल चौरसिया, श्याम जड़िया, हेमराज अहिरवार, धनिराम अहिरवार, राजीव, अमर सिंह, रमेश, जमना, सुरेन्द्र परिहार, मोहन, रामनारायण, रीतेश सोनी आदि की उपस्थिति रहीं।

### लायंस क्लब ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूकता कार्यक्रम

दमोह। आधुनिक जीवन की तेज रफ्तार में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। इसी दिशा में जन जागरूकता बढ़ाने के उपदेश से लायंस क्लब द्वारा "मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता" कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें दिल्ली से जाने-माने मनःचिकित्सक,मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगे। वे मानसिक तनाव के कारण, उनके दुष्प्रभावों तथा उनसे निपटने के प्रभावी उपायों पर प्रकाश डालेंगे। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, अभिभावकों को नई पीढ़ी और शिक्षकों से, बुजुर्गों को बदलते परिवेश से,युवाओं को और स्वतंत्रता की इच्छा से, प्रौढ़ व्यक्तियों को पारिवारिक जिम्मेवारियों से और महिलाओं को घर और समाज से तालमेल के अधूरेपन के कारण तनाव बढ़ रहा है इसीलिए कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों, महिलाओं, बुजुर्गों आदि सभी वर्ग के लिए आमंत्रित किया गया है। "मानसिक स्वास्थ्य हमारा अमूल्य धन है जो जीवन की हर चरण में महत्वपूर्ण है" कार्यक्रम सरस्वती विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल, केशवनगर दमोह में, 14 अक्टूबर 2025 को ठीक 3 बजे दोपहर आयोजित किया जा रहा है।

### मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

दमोह। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, भारत के पूर्व रक्षामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री 'धरतीपुत्र' श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को दमोह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गयइं कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम यादव ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राम यादव, गुड्डू यादव, राजेन्द्र यादव, महंत यादव, दिनेश यादव, भगवानदास यादव, रविशंकर यादव सहित अन्य समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### नवरात्रि के समय दमोह और हटा में देवी मंदिरों में महिलाओं के गले से चुराए थे मंगलसूत्र

## अंतरराज्यीय महिला नोना गैंग की दो सदस्य गिरफ्तार, सोने के मंगलसूत्र किये गए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के चण्डी जी मन्दिर में नवरात्रि पर्व पर जल चढ़ाते समय ऋचा असाटी का और दमोह की बड़ी देवी मंदिर में 28 मई को नवरात्रि के समय दो महिलाओं के गले से सोने के मंगलसूत्र झपटने बाली शातिर चोर महिलाएं उत्तरप्रदेश के नोना गैंग की सदस्य निकली। दरअसल घटना के दिन दो महिलाओं को मंगलसूत्र चोरी के आरोप में हटा पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस थाने में लाकर पूछताछ की थी इसी दिन दमोह की बड़ी देवी मंदिर में एक चेन खींचने की रिपोर्ट कोतवाली में भी दर्ज कराई गई थी। गिरफ्तार महिलाओं में कुंम्भी देवी पति प्रमोद निवासी अर्जुन पुर गुरैनी थाना खेतासराय जिला जौनपुर यूपी एवं मंजूदेवी पति अर्जुन कुमार निवासी ग्राम बंजरहा थाना बड़हलगंज जिला गोरखपुर यूपी से पूछताछ में साथ बाली महिला सुनीता उर्फ सविता थाना बंजरहा गोरखपुर को चोरी का मंगलसूत्र देना बताया था



पुलिस ने दोनों को न्यायलय पेश किया था जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। इसके बाद समान की बरामदगी एवं अन्य आरोपी सविता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम जब टी आई धर्मेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में यूपी के बताए गए थानों पर पहुंची तो जानकारी मिली कि चोरी का सामान कुंम्भी नामक महिला के पास ही हो सकता था अन्य कोई सुराग पुलिस के हाथ नही लगे फरार महिला सविता भी पुलिस टीम को नही मिली, वापस आकर पुलिस ने जेल में निरुद्ध महिलाओं का पी आर लिया और सख्ती से पूछताछ की तो



कुमभी नामक महिला ने बताया कि उसने चोरी के दोनों हार हटा डाइट के पास पुराने खंडहर के पास छुपा दिए जो उन स्थानों पर महिलाओं को ले जाकर जप्त किये।

टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि दोनों महिला आरोपी कुंम्भी देवी और मंजू देवी के पास से जप्ती बनाकर प्रकरण क्रमांक 356/25 धारा 304 (2) बी एन एस में मय माल के न्यायालय में दोनों महिला आरोपियों को पेश किया जा रहा है। टी आई उपाध्याय ने बताया कि उनकी टीम जब यूपी में इन महिला आरोपियों के ठिकानों पर पहुंचे तो कोई नही मिला। स्थानीय लोगो ने बताया कि यह चोर गिरोह महिलाओं का ही है जो नवरात्र जैसे पर्वो पर महिलाओं की उपास्थिति वाले भीड़ भरे स्थानों पर पहुंचकर चोरी कर चुराई सामग्री साथ की महिलाओं से खुर्दबुर्द कर देता है। जानकारी यह भी मिली कि गिरोह में सात महिलाएं निकली थी जो अभी तक घरों में नही पहुंची। इस महिला गिरोह ने ललितपुर सागर नरसिंहपुर जबलपुर आदि अनेक स्थानों पर चोरी की घटनाएं कारित की है यदि अन्य स्थानों की पुलिस हटा में पकड़ी गई महिलाओं का रिमांड लेकर पूछताछ करे तो सैकड़ो की संख्या में महिलाओं के गले की चेन चोरी की घटनाओं का खुलासा होगा। फरियादी ऋचा विनोद असाटी ने हटा पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए डीजीपी से मांग की है कि इस पूरे गिरोह को सरगना सहित पकड़ने अभियान चलाया जाए।

## दमोह से घाटपिपरिया जा रही अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी, तीन गिरफ्तार, दो फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिले के हिंडोरिया थाना अंतर्गत बांदकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में देर रात पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। मुखबिर की सूचना पर बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा एवं उनकी टीम ने बांदकपुर स्टेशन चौराहा, दमोह–कटनी मार्ग पर एक फोर व्हीलर वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन क्रमांक एमपी-21 एलए-6042 से 7 पेटी (कुल 34.2 लीटर) अवैध शराब बरामद की गई। बताया गया कि यह शराब दमोह के बालाकोट चौराहा स्थित शराब दुकान से घाटपिपरिया की ओर ले जाई जा रही थी। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों — कपिल यादव, कालूराम यादव और दीपेश यादव को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। यह पूरी कार्रवाई भगवती मानव कल्याण संगठन के बांदकपुर सेक्टर के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और सहयोग से की गई। चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## कुशवाहा समाज एवं बहुजन समाज ने सौंपा ज्ञापन

दमोह। जिले के पटेरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सतरिया में घटित एक अमानवीय एवं तालिबानी कृत्य ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। ग्राम के सीधे-साधे व्यक्ति परसोत्तम पटेल कुशवाहा के साथ कुछ दबंग जाति विशेष के लोगों ने 10 अक्टूबर 2025, शुक्रवार को सार्वजनिक रूप से अपमान जनक व्यवहार किया, उन्हें पैर धुलवाकर वह पानी पीने के लिए मजबूर किया गया तथा 5100 का अर्थदंड जबरन वसूला गया। उक्त घटना का वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जिससे कुशवाहा समाज, ओबीसी, एससी, एसटी एवं समस्त बहुजन समाज की भावनाओं को गहरा ठेस पहुँची है। एसपी के नाम सौपे गए 6 सूत्रीय ज्ञापन में बताया गया कि आरोपियों के खिलाफ गंभीर और लंबित आरोप अतिरिक्त



आरोप है। कुशवाहा समाज संगठन जमीनी जांच के आधार पर यह बताता है कि घटना में आरोपियों का क्रिमिनल बैक ग्राउंड है। संगठन स्पष्ट रूप से और ज़ोर देकर कहता है कि माँगें कानूनी एवं प्रशासनिक रास्ते में ही पूरी करवाई जाएँ, किसी तरह की अप-प्रेरणा या गलत कदम की सलाह नहीं दी जा रही है; परंतु यदि प्रशासन/प्रशासनिक/पुलिस तंत्र ने 24 घंटे के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की, तो संगठित और शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक मार्ग से आंदोलन की नींव रखी जाएगी, जिसकी संपूर्ण ज़िम्मेदारी बिना कार्रवाई के प्रशासन की होगी। इस विशाल ज्ञापन में शामिल होने वाले जिले के प्रत्येक क्षेत्र से आए समस्त वर्गों के लोग जिनमे कुशवाहा समाज से जिला सचिव डालचंद कुशवाहा राघवेंद्र कुशवाहा लोधी समाज से द्रकपाल लोधी वीर सिंह कुशवाहा चरण सिंह कुशवाहा सतरीया सरपंच प्रतिनिधि उत्तम कुशवाहा नंदकिशोर कुशवाहा शोभा कुशवाहा रतन कुशवाहा अजय जाटव कोमल अहीरवाल प्रताप कुशवाहा शिव शंकर कुशवाहा राजकुमार कुशवाहा युवा अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, द्वारका कुशवाहा, नारायण कुशवाहा, सरपंच मराहार शिव शंकर कुशवाहा, परसोत्तम कुशवाहा, मंटू कुशवाहा, खेमचंद कुशवाहा, पुष्पेंद्र कमलेश टीकाराम पटेल शोभा पटेल नंदकिशोर पटेल एवं समस्त कुशवाहा समाज जिला कुशवाहा समाज संगठन, दमोह (म.प्र.) एवं समस्त बहुजन समाज हम न्याय चाहते हैं भयमुक्त समाज के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## शासकीय कर्मचारी बने भाजपा एजेन्ट कर रहे पार्टी कार्यकर्ता जैसा कामः रक्षपाल यादव



दमोह। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में चलाये जा रहे वोट चोट गद्दी छोड़ के लिये आमजन के हस्ताक्षर के अभियान को नयी गति प्रदान करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने नगर के सबसे बड़े कई सिविल वार्ड एवं सिविल वार्ड 5 में विधानसभा प्रभारी रक्षपाल यादव के साथ अनेको वार्डो में पहुंचकर युवाओ महिलाओ वृद्वजनो से हस्ताक्षर कर उन्हें बताया कि भाजपा किस तरह उनके वोट चोरी करवाती है। हस्ताक्षर करवाते समय लोगो ने भी कांग्रेसजनो को बताया कि वाकई जिस मुद्दे को लेकर आप सभी हस्ताक्षर करवा रहे है वह सही है कि उन्होनें वोट कांग्रेस पार्टी को दी थी किंतु उनकी वोट कहां चली गई उसको लेकर वह आज भी संशकित है। तत्पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी रक्षपाल यादव ने कहा कि विधानसभा हो अथवा लोकरसभा चुनाव आयोग आखिरी समय तक नाम जुड़वा रहता है और कब दस पन्द्रह हजार हेर फेर क रनाम जुड़ गयें। यह चुनाव परिणाम के बाद ही पता पड़ता है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि निर्वाचन आयोग के माध्यम से भाजपा वोट चोरी करवा रही है। अब तो शासकीय कर्मचारी भी भाजपा का एजेन्ट बन चुका है। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि हमारे सांसद कहते है कि उनके परिवार में सात लोग है फिर चुनाव के समय वह यह क्यो कहते है कि हमारी विधानसभा लोकसभा हमारा पूरा परिवार है। संजय चौरसिया, रजनी ठाकुर, सुषमा विक्रम सिंह, परम यादव, प्रदीप पटेल, तिलक सींग, कमला निषाद, अमर सींग, राजू बगीरा, वीरेन्द्र राजपूत, बसंत कुशवाहा, गीता लोधी ने भी कहा कि हम जिस वार्ड में भी वोट चोरी के मुद्दे को लेकर फार्मेट पर हस्ताक्षर करवाने जाते हे वहां हमे जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर प्रफुल्ल श्रीवास्तव, पप्पू कसोटया, दिनेश रैकवार, अंजलि राय, रियाज खान, अमित नामदेव, बिन्दु पटेल, शनुधन सिंह, गजराज सीग, बाबू चौहान, जावेद रोजान सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## दीपावली मेले में आमजन कर रहे खरीदारी



दमोह। वोकल फॉर लोकल की थीम पर तहसील ग्राउंड दमोह में आयोजित हो रहे दीपावली मेला में दूसरे दिन के अवसर पर रविवार के दिन आमजनों ने मेले का लुत्फ़ उठाया। लोगों ने और अपनी हर जरूरत का सामान खरीदा, स्वदेशी का यह संकल्प लोगों को जमकर भा रहा है। ग्रामीण अंचलों से आए हुए समूह की महिलाओं ने बड़े ही खुशी और उत्साह के साथ मेले में सक्रिय भागीदारी की और अपने हाथों से बने हुए उत्पाद मेले में प्रदर्शन सह विक्रय के लिए रखी। दीपावली पर्व होने के कारण लोग अपनी जरूरत का हर सामान खरीद रहे हैं। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति लोगों का मनोरंजन कर रही है जिससे मेले में भीड़ बढ़ रही है। घर की सजावट का सामान, महिलाओं की ज्वेलरी मनहारी का सामान और महिलाओं के हाथ से बने हुए बड़ी अचार पापड़ खींचला मिलावट रहित हल्दी धनिया और मिर्च का पाउडर लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेता है समूह के द्वारा शुद्धता की गारंटी भी दी जा रही है। जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और शहरी आजीविका मिशन के समूह के द्वारा हर्ष और उत्साह के साथ अपने-अपने स्टाल लगाए गए हैं।

## दीपावली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी

### कर्मकांड परिषद की बैठक सम्पन्न



दमोह। अखिल भारतीय कर्मकांड परिषद की बैठक दीपावली को श्रीराम मंदिर, मोरगंज गल्ला मंडी में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर आचार्य पंडित श्री मुरलीधर शास्त्री जी, परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित श्री हरिशंकर पांडे जी, संगठन मंत्री पं. राहुल शास्त्री, जिला महामंत्री व मंदिर के पुजारी पं.श्री विशेष तिवारी,पं.श्री पंकज शास्त्री उपस्थित रहे जिसमे आगामी दीपावली की पूजन विधि एवं शुभ मुहूर्तों के विषय में विस्तृत चर्चा हुई तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिसमे पूजन मुहूर्त एवं विशेष तिथि जैसे कि दिनांक 19 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी, नरक चतुर्दशी, व हनुमान प्राकट्य उत्सव, 20अक्टूबर को दीपावली 21 अक्टूबर को स्नान दान अमावस्या,22 अक्टूबर को अन्नकूट, गोवर्धन पूजा, 23 अक्टूबर भाई दूज, चित्रगुप्त पूजनः बही खाता पूजन एवं तुला पूजन होगा। नगर आचार्य पंडित श्री मुरलीधर शास्त्री जी ने बताया कि दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजन एवं दीपमालिका पूजन स्थिर लग्न में करना अत्यंत शुभ रहेगा। कुंभ लग्न दोपहर 2बजकर 42 से शाम4 बजकर 03 मिनट तक,वृषभ लग्न सायं 7 बजकर 08 मिनट से 9बजकर 04मिनट तक व महानिशा पूजा सिंह लग्न रात्रि 1 बजकर 36मिनिट से 3बजकर 50मिनट तक रहेगा महामंत्री पंडित विशेष तिवारी जी ने कहा कि तुला पूजन प्रातः 6:00 से 8बजकर 11 मिनट तक तुला लग्न में शुभ रहेगा। परिषद के संगठन मंत्री पं.राहुल शास्त्री ने कहा इस वर्ष दीपावली पर हमें स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश देना चाहिए। स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से हमारी संस्कृति के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी, परिषद के जिला अध्यक्ष पं.हरिशंकर पांडे जी ने बताया कि दीपावली केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे सनातन जीवन मूल्यों का प्रतीक है। इसके पावन अवसर पर धर्म, संस्कृति और पर्यावरण की रक्षा हेतु संकल्प लेना चाहिए।

#### 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक शत चंडी महायज्ञ, भागवत कथा व संत समागम

## आनंद धाम जबेरा में होगा वृहद आयोजन, तैयारियों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

आनंद धाम काली मठ जबेरा में आगामी माह नवंबर में मां भगवती सिद्धेश्वर मैया की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 25 नवंबर 2025 से 3 दिसंबर 2025 तक श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् भागवत एवं संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने हेतु आनंद धाम महामंडलेश्वर मठ दवाई पीठाधीश्वर अनंत विभूषित दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद जी सरस्वती महाराज स्वामी रंजितानंद जी के निर्देशन में मंदिर प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। आगामी 23 अक्टूबर को पुनः एक बार बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें समितियां का निर्माण कर प्रत्येक समिति को अपना कार्य संपन्न करने की जिम्मेवारी दी जावे। प्रत्येक समिति में एक समिति प्रमुख तथा 10 सदस्य होंगे। इस प्रकार कल 11 सदस्य समिति गठित की जावेगी प्रत्येक समिति को दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करना है। उक्त यज्ञ में एक वृहद संत समागम





का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आसपास के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र से साधु संतों का आगमन होगा। इस बात का विशेष प्रचार प्रसार किया जाए ताकि संत समाज का मार्गदर्शन एवं उनके आशीर्वाद बचनो का क्षेत्र वासियों को लाभ मिल सके। उक्त बैठक में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जिला महामंत्री रानू नामदेव, नीरज जायसवाल, मोंटू बाजपेई, गोविंद तिवारी, चंद्रिका प्रसाद दुबे, अरुण राजपूत, निलेश राजपूत, मनीष यादव, रमेश यादव, संतोष तिवारी, देवी प्रसाद शर्मा, नारायण प्रसाद शर्मा, मयंक जैन, संदीप दुबे, मुन्नालाल सोनी, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की तहसील अध्यक्ष महेश विश्वकर्मा तथा सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

## कलचुरी महासभा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला कलचुरी महासभा की भव्य जिला बैठक दमयंती पैलेस के सेन्ट्रल हाल में आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम बैठक के शुभारंभ में भगवान सहस्त्रबाहु जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अतिथियों ने पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया। जिला कलचुरी महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय राय के साथ ही समस्त उपस्थित स्वजाति बंधुओ ने भगवान का पूजन किया मंचसीन अतिथियों ने भी पूजन किया। बैठक की अध्यक्षता शंकर लाल राय ने की। उसके पश्चात कल्चुरी महासभा के जिला अध्यक्ष संजय राय ने राजा राय और नर्मदा प्रसाद राय को पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। इसके पश्चात बैठक का शुभारंभ हुआ बैठक में प्रमुख वक्ताओं ने अपनी बात रखी। जिसमें संजय राय के कुशल नेतृत्व और प्रबंधन पर सभी वक्ताओं ने प्रशंसा की एवं जिले के सभी गांव से प्रधारे स्वजातीय बंधुओ ने भी संजय राय के नेतृत्व का समर्थन कर उनके नेतृत्व में चलने का समर्थन किया एवं भव्य 28 अक्टूबर को भगवान सहस्त्रबाहु जी की जयंती में आने का वचन दिया और शोभायात्रा में जो जिलाध्यक्ष के निवास महाकाली बजरिया से शोभायात्रा प्रारंभ होकर घंटाघर होते हुए आशीर्वाद गार्डन



पहुंचेगी जिसमे हाथी घोडे डीजे बाजे और भजन मंडलियां होगी। साथ ही मंच से समाज के मधावी छात्र छात्राओ का सम्मान किया जाएगा। जिसमें जवाहर राय, इंजीनियर आरपी राय, डॉक्टर डीके राय, चंद्रशेखर चंदू राय, सुनील राय रामरमा, नीरज जायसवाल, अभिषेक राय ने अपनी बात को रखा। उसके उपरांत जिला बैठक में सभी ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक समितियां और जिला कार्यकारिणी एवं अन्य सभी बंधु उपस्थित थे जिसमें हटा से मोतीलाल राय, माधव राय, सुनील राय, देवेंद्र राय, बबलू काका, अभिषेक राय, रनेह से नन्नू राय, पांजी से दीपू राय, बटियागढ़ से महेंद्र राय, पटेरा से दीपांशु राजा राय, पटेरिया से पवन जादूगर, मुलायम राय, परसोत्तम पप्पू राय नोहटा, सलैया से राजू सरपंच, शाखा से रमेश राय साइपूरा से नारायण सरपंच, दमोह से अनिल बड़े गुड्डू, महेश राय, राजू राय, सुनील रायल, रंजीत राय, गौरव राजा राय, शुभम राय, यश राय, एलएन राय, पप्पू मुस्कान राय बस वाले, तरुण शिवहरे, धर्मेंद्र राय बबलू, गोविंद कंचू राय, सुरेंद्र राय, एचआर राय, बमोरी से सुरेश राय कौरतापिपरिया से दिनेश राय, विनोद राय, कुआंपटना से रामस्वरूप राय, पटना मानगढ़ से मुकेश राय, तेंदूखेड़ा कुंजीलाल राय, अमन चौकसे आदि प्रमुख लोग बैठक में उपस्थित थे। बैठक का सफल संचालन राजीव राय साव, धर्मेंद्र राय बेवाक ने किया। आभार सुदेश राय ने किया।